
# Panorama

Volume : III Issue : III

International Book of Multidisciplinary Studies



Edited by :
Dr. Safiqur Rahman

# PANORAMA

***International Book of Multidisciplinary Studies***

**(Research Papers and Articles)**

**Volume III :: Issue III**

**Unity Education Foundation**
**Guwahati**

***Edited By :***

**Dr. Safiqur Rahman**
M.A., M. Ed., LL.B., PGDHRM, M. Phil, PhD.

**Panorama** : *Research Papers & Articles- A Collection of Research Papers, Articles on Arts, Humanities, Management & Social Science. Panorama a research based International Book of Multidisciplinary Studies with Peer reviewed book. Published by Dr. Safiqur Rahman on behalf of Unity Education Foundation, Guwahati.*

**Editorial Board**

**Chairman** : Adv. A. S. Tapader, *Unity Education Foundation*

**Editor** : Dr. Safiqur Rahman, *Guwahati College*

**Members and Papers Reviewers :**

Dr. Mujibul Hasan Siddiqui, *Aligarh Muslim University, Aligarh*
Dr. Rupa Rani Sonowal, *Central University of Karnataka*
Dr. Machunwangliu Kamei, *Usha Pravin Gandhi College of Arts Science and Commerce, Mumbai*
Dr. Nurjahan Rahmatullah, *Cotton University*
Dr. Nekibuddin Ahmed, *Indira Gandhi Technological & Medical Sciences University, Arunachal Pradesh*
Jedidah Nyawira Kimathi,
*Teachers Service Commission, Nairobi, Kenya*
Dr. Gopesh Kr. Sarma, *Madhya Kamrup College*
Dr. Nayan Kalita, *Goreswar College*

**Published By** : Dr. Safiqur Rahman on behalf of
Unity Education Foundation, Guwahati
© Unity Education Foundation, Guwahati
**First Published** : January 2020

**ISBN** : 978-93-5396-633-1

**Price** : INLAND : 1000/-

**Printed at** : Kaziranga Printing House, Chandmari, Guwahati-21

**Disclaimer :** Opinions expressed in this book do not reflect the policies or views of this organisation, but of the individual contributors. The authors are solely responsible for the details and statements in thier Research Papers.

# Editorial :

We feel great pleasure to present this issue 'PANORAMA' which contain research paper, Articles on Arts, Humanities, Management and social science on research based book before our eminent highly educated readers hand. As we know Teaching, Research and extension are the basic dimensions of higher education. The present volume "PANORAMA' is such an effort to bring multidisciplinary studies in our compendium to gain and to disseminate knowledge. This is our small contribution from Unity Education Foundation to provide a platform for the various research and studies to bring before the society. The ultimate goal of the book is to draw knowledge, information & understanding to attain certain accomplishment.

I express deep sense of gratitude to Adv. AS Tapader, Chairman Unity Education Foundation and other members for there all round help & encouragement in this regard. I am thankful to all the authors for their support & timely cooperation with us. I am also thankful to Jedidah Nyawira Kimathi, Kenya for helping & encouraging us in different ways during the course of this work.

The editorial board consists of prominent academicians from reputed Institutions and Universities. I am greatfull to all the esteem members for their constant support & cooperation to prepare this book.

Lastly, I hope that the book would be of great use to those who are working on the areas of expertise and as well to those who want to gain insight into the subject. I also welcome your comments & suggestions. I wish the readers many moments of happy & informative reading.

**Dr. Safiqur Rahman**
Assistant Professor
Department of Geography
Guwahati College, Guwahati-781021

Email : safiq.rahman@rediffmail.com
Phone : 8471960948

**PROF. NASRIN**
**CHAIRPERSON**

**DEPARTMENT OF EDUCATION**
**ALIGARH MUSLIM UNIVERSITY**
**ALIGARH-202002 INDIA**

Ref. No.........................

Dated: 16- / 01 /2020

## FOREWORD

**The book entitled "PANORAMA" is excellent in area of diversified aspect of educational and scientific thinking in the world. This book makes the emphasis on development of teacher and quality education, cultural life of Karbis, dress and ornament of Bodo people, ecological status of floodplain, lokasamgrah, political empowerment of women , karma in Jain and Buddha philosophy, child health, biotechnology and biodiversity, growth rate, right to education, race, class and gender, urban growth, life skills, rural-non institutional credit, human rights, women in Indian television, ecological movement in Assam, employment and labour market, ethics of non-vedic schools in Indian philosophy, study of Bhim Rao Ambedkar,Indian women poets writing in English ,insurgency and ethnic conflict in Assam, a humanist writer Lakshminath Bezbarua, constitutional commitment toward protecting minority rights in India, reflection of multicultural politics, loan recovery mechanisms of Bank, impact of environment on livelihood in North East India, teaching of English and need of innovative practices , the women centric customs of the Ahom Society and economic aspects of sustainable tourism development in India. This book is wonderful for the readers who have interest in educational, scientific, cultural, ethnic, religious, philosophical, environmental, ethical and developmental thinking in their mind. This book is also very useful for teachers, research scholars and students in India and abroad. Last but not least, the authors of the different book chapters made most apraiciateable efforts .For this very reason this book would serve as reference book in India and abroad.**

**Best Wishes**

**Dr.Mrs.Nasrin**
Professor& Chairman
Department of Education
Aligarh Muslim University
Aligarh 202002 Uttar Pradesh
India

# *Contents*

1. ৰমা দাশৰ গল্প ঃ বৈচিত্ৰ্য আৰু অভিনৱত্ব
*ড° প্ৰাপ্তি ঠাকুৰ* 1
2. আধুনিক ঠাচত লিখা আনন্দৰাম ঢেকিয়াল ফুকনৰ অসমীয়া লৰাৰ মিত্ৰ ঃপাঠ্যপুথি হিচাপে মূল্যায়ণ আৰু বিষয়বস্তুগত বিশ্লেষণ
*কৰবী দত্ত* 8
3. মহিম বৰাৰ 'এখন নদীৰ মৃত্যু' গল্পত আৰ্থিক দুৰ্দশাগ্ৰস্ত ৰূপ
*বিৰজা ৰাভা* 18
4. ব্ৰজবুলি সাহিত্যত নায়িকাভেদ আৰু ব্ৰজবুলি গীতত বৰ্ণিত নাৰী বিৰহ ঃ এক বিশ্লেষণ (বিদ্যাপতিৰ ৰাধাৰ বিৰহ আৰু শংকৰদেৱৰ গোপী বিৰহৰ বিশেষ উল্লিখনসহ)
*দিৱস চক্ৰৱৰ্তী* 22
5. মণিৰাম দেৱানৰ 'বুৰঞ্জী বিবেকৰত্ন'ৰ ভাষা ঃ এক অধ্যয়ন
*গীতা হাজৰিকা* 28
6. বীৰেন্দ্ৰ কুমাৰ ভট্টাচাৰ্যৰ 'মৃত্যুঞ্জয়' উপন্যাসত অসমতাত্ত্বিক অধ্যয়নৰ সমল
*লক্ষ্যজ্যোতি বৰুৱা* 36
7. জ্যোতিপ্ৰসাদ আগৰৱালাৰ শোণিত কুঁৱৰী নাটকত গীতৰ প্ৰাধান্য ঃ এটি পৰ্যালোচনা
*পূৰ্বালী গোঁহাই* 44
8. লক্ষ্মীনাথ বেজবৰুৱা আৰু পদ্মনাথ গোহাঁঞি বৰুৱাৰ উপন্যাস ঃ এটি তুলনামূলক বিশ্লেষণ
*মহীধৰ ৰাজবংশী* 51
9. নৱকান্ত বৰুৱাৰ 'কপিলীপৰীয়া সাধু'ৰ ভাষাৰীতি ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক আলোচনা
*ৰুনশ্ৰী নাথ* 55
10. অসমীয়া নাৰীকেন্দ্ৰীক লোকগীতি পৰম্পৰাৰ পৰিৱৰ্তন প্ৰত্যাহ্বান ঃ এক চমু আলোচনা (বিয়াগীত আৰু নিচুকণি গীতৰ বিশেষ উল্লিখনসহ)
*পৰমেশ্বৰী দাস* 62
11. অসমৰ চাহ জনগোষ্ঠীসকলৰ উৎসৱ-পাৰ্বণ
*কিৰণ ৰবিদাস* 69
12. ভাষাৰ সংক্ৰমণ আৰু ভাষাৰ মিশ্ৰণ
*অলি গগৈ* 73
13. সংযোগাত্মকৰপৰা বিয়োগাত্মকৰ দিশলৈ অসমীয়া ভাষা
*ডঃ ডালিমা কাকতি* 76
14. মিচিং সকলৰ গৃহ নিৰ্মাণ পদ্ধতি আৰু বিশ্বায়নৰ প্ৰভাৱত ইয়াৰ পৰিৱৰ্তন (গোলাঘাট জিলাৰ বিশেষ উল্লেখলসহ)
*মুনমী মৰাং* 81
15. শিল্পীরীতির নিরিখে স্বর্ণকুমারীদেবীর 'কাহাকে' উপন্যাস
*সুব্রত রায়* 88
16. বিবেকানন্দের কৃষিচিন্তা
*নিপন দাস* 94
17. মানিক দাসের 'ও ঝিঙে ফুল বলো তারে' উপন্যাসে লোকাভরণ ঃ পর্যবেক্ষণ ও বিশ্লেষণ
*ড° পাপড়ি বিশ্বাস* 99
18. চর্যাপদ : প্রথম লিখিত সাহিত্য
*মীরা দাস* 103

19. आत्मकथा : स्वरुप एवं अवधारणा

*वायलेट दत्ता* 110

20. बरो आरो असमीया रावनि मावरिजा आरो सोदोब बेखेवफानि बिथिंआव गोरोबलायनायनि: मोनसे रजुथाय

*सुनीता बरो* 113

21. व्यवहारवादी अध्ययन

*डा० श्वेता जैन* 117

22. 'फणीश्वरनाथ रेणु' कृत 'मैला आँचल' उपन्यास में नारी की स्थिति

*अंचल कुमारी राय* 121

23. 'अंधायुग' में चित्रित युद्ध का परिणाम व विभीषिका

*नीतामणि बरदल* 125

24. जनकवि नागार्जुन के काव्य में सामाजिक चेतना

*सुश्री उन्मेषा कोंवर* 130

25. सामाजिक उत्थान : एक गाथा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर

*डॉ. अनुराधा कुमारी साह* 133

26. समकालीन हिन्दी कविता में अभिव्यक्त नारी दृष्टि

*डॉ. रिनु बरा* 137

◆◆◆

# चर्यापद : प्रथम लिखित साहित्य

मीरा दास

महायान वौद्ध धर्म के आधार पर मगध, वंग, कलिंग, कामरुप और नेपाल-तिब्वत में तान्त्रिक वौद्ध धर्म नाम से एक सम्प्रदाय का जन्म हुआ था। इस सम्प्रदाय के गुरुओं में भी वैष्णवयुगीन गुरुओं के तरह ज्वादातर सिद्धाचार्य ने भी तत्वकथा और गीत-पद रचनाएँ किये। औठवे शताद्वी से लेकर चौदह शताद्वी तक इन आचार्य ने काफी मात्रा में ग्रन्थ रचनाएँ किये जो ज्वादातर तिब्वतीय भाषा में अनुदित हुए है। इन अनुदित ग्रन्थ को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है (i) काञ्जुर

(ii) ताञ्जुर

काञ्जुर वुद्ध वचन होता है और ताञ्जुर वुद्ध के परवर्ती पण्डितों द्वारा लिखा गया प्रामाणिक ग्रन्थ होता है।

तान्त्रिक वौद्ध धर्म के अन्तराल में साधन विषयक कुछ इंगित मिलते है जो गुरु-शिष्य के अलावा किसी आम आदमी के समझ के वाहर है। इसमें तीन मत मिलते है-

1) कालचक्रयान
2) वद्रयान और
3) सहजयान

इन सभी मतों के अलग अलग धर्मग्रन्थ मिलते है। Brain Hodgson नामक एक अंग्रेज ने पहले नेपाल से इस प्रकार के कुछ ग्रन्थों का उद्धार किया था, जिसके कारण परवर्ती समय में इतिहास लिखने में आसानी हुई। Hodgson के वाद Daniel Wright ने इस काम को आगे वढ़ाया। इसके वाद Cecil Bendall और महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री ने नेपाल जाकर काफी चारे दुलर्भ ग्रन्थों को उद्धार किया। वे दो वार नेपाल गये थे, और वहाँ से उन्होने डाकार्णव, चर्याचर्य विनिश्चय, सरोजवज्र के दोहाकोष और कृष्णाचार्य के दोहाकोष नामक ग्रन्थों को मिलाकर "हाजार वछरेर पुराण वांला भाषाय वौद्धगान ओर दोहा" नाम से ग्रन्थ सम्पादना किया। जो सन 1916 में कलकत्ता के वंगीन साहित्य परिषद ने प्रकाशित किया था। हरप्रसाद शास्त्री जी ने "चर्याचर्य विनिश्चय" नामक ग्रन्थ के गानों को वौद्ध कीर्तन माना है।

इस ग्रन्थ के भाषा पूर्व भारतीय आधुनिक भाषा के साथ विशेष मेल देखा गाया है। साथ ही तात्कालीन मैथिली लिपि के साथ भी काफी मेल देखने को मिले है। इसके अलावा उड़ीया, मैथिली वाला और असमीया भाषा ने चर्यागीत को अपने भाषा के प्राचीन रुप मानते आये है। लेकिन ग्रन्थकार नीलरतन सेन जव नेपाली पण्डितों से मिले तव पता चलता है कि उस समय मैथिली भाषा के साथ असमीया और वांला भाषा ओं में ज्वादा अन्तर नहीं था।

हरप्रसाद शास्त्री जी के ग्रन्थ में तैइस (23) सिद्धाचार्य के गीत मिलते है। इनमें से प्रथम और श्रेष्ठ "लुइपाद" को प्राचीन कामरुप राज्य के रहनेवाले मानते है। तिव्वत के इतिहास में लुइपाद मीननाथ नाम से प्रसिद्ध है। असमीया विद्वान कनकलाल वरुवा ने अन्य सिद्धाचार्य गोरक्षपाद, दाड़िकपाद, कानुपाद, शन्तिपाद, शवरपाद आदि को लुइपाद के समसामयिक तथा प्राचीन कामरुप के रहने वाले मानते है।

चर्यापदो को गाने के लिए रचा गया था। प्रत्येक पद के द्वितीय चरण में ध्रुव या ध्रु दिया हुआ है। इन गानों को वरगीतों के साथ तुलना किया जा सकता है। वरगीतों में जिस तरह गाने से पहले राग का उल्लेख है, चर्यापदों में भी पहले राग का उल्लेख मिलते है। कुल सत्रह राग इन गीतों में व्यवहृत हुआ है। इनमें से कुछ राग असमीया गीतों में भी पाये जाते है। हरेक चर्यापद पहेलियों की तरह है जिसका वाहरी अर्थ तो सहज है, लेकिन भावपक्ष समझना कठिन है। इसके कारण इन पदों या गीतों के भाषा को सान्ध्य भाषा कहाँ जाता है। जो गुरु के विना समझना सम्भव नहीं है।

**चर्यापदों में भाषा और समाज:**

चर्यापद के भाषा एक प्रकार धर्मीय तत्त्वपूर्ण भाषा है। तान्त्रिक साधना के सांकेतिक प्रकृति के भाषा होने तथा सहजयान धर्म इन पदों के आधार होने के कारण ऐसा हुआ है। इन पदों के भाषा साधाना करने वाले व्यक्ति ही समझ पाते है कारण साधना प्राप्ति के लिए ही इन पदों को लिखा गया था। प्राचीन असमीया मन्त्र साहित्य भी गुप्त रहस्यपूर्ण होते है जो सांकेतिक होते है। जैसे:

हचं बुधा हचं दुलि दहि भगवन्त
हर कालि हचं वुधा हचं दारुवा पोरा
वि आति धरि लै डेन्त निखाइ खापरि
हचं परम इर्श्वर भगवन्त।।

इस प्रकार के मन्त्रों के भाषा आम आदमी के समझ के वाहर है, साथ ही इसके अर्थ रहस्यपुर्ण होते है जो "ओझा" या "वेज" (जार-फुक करने वाले) ही समझ पाते है। चौदहवी शताद्वी में आचार्य मुनिदत्त ने संस्कृत भाषा में जब चर्यागीत अनुवाद किये थे, तब इन गीतों को साध्यागोत तथा कुछ भाषा विशेष को साध्य भाषा नाम दिया था। साध्य भाषा का तात्पर्य है - "इसके अन्तराल में दो अर्थ होता है, अर्थात् साध्य भाषा दो अर्थयुक्त भाषा है।" पाश्चात्य विद्यानो ने इस भाषा को प्रहेलिकामय भाषा माना है। इस भाषा के अर्थ सिर्फ सहजीया सिद्धाचार्य ही समझ पाते थे, कारण विना दीक्षा के यह ज्ञान किसी अन्य को देना मना था। आचार्य मुनिदत्त इस पन्थ के लोग होने के कारण ही इन चर्यागीतों को अनुवाद कर पाये, नहीं तो आज इन पदों का मतलब समझाना नामुमकिन था।

इन चर्यापदो में आठवे शताद्वी से लेकर वारहवी शताद्वी के प्राचीन भारत के भाषा, साहित्य और संस्कृति के निदर्शन मिलते है। ज्यादातर चर्यापदों के भाषा, ध्वनितत्त्व, शद्व-भण्डार, पद-चयन के रीति, रुपक-उपमा तथा लोकोक्ति, ग्रामीण परिवेश का चित्रण आदि में प्राचीन असमीया भाषा तथा समाज संस्कृति के साथ मेल देखा गया है। असमीया पण्डित ड॰ वाणीकान्त काकति ने चर्यापद के भाषा के साथ प्राचीन और आधुनिक असमीया भाषा के ध्वनितत्त्व, रुपतत्त्व और शद्व-भण्डार का मेल को दिखाया है।

इन चंगीतों के रचना काल आठवी से वारहबी शताद्वी माना है और दसवी से वारहवी शताद्वी के वीच असमीया, वांला, उड़िया, मैथिली आदि आधुनिक भाषाओं का विकास हो रहा था। इसके कारण माना जा सकता है कि चर्यागीतों के साथ प्राच्य भारतीय आधुनिक भाषाओं के समानता है। इसके अलावा चर्यापदों को चर्चा करते हुए देखा गया है कि चर्याकारो में से असमीया चर्याकार तथा उनके रचनायें अधिक है। जैसे: कान्हुपाद-13. भुसुकपाद-8, सरहपाद-4, लुइपाद-2, शबरपाद-2, शान्तिपाद-2, डोम्वीपाद-1, ढेण्ढणपाद-1, महीधरपाद-1, डारिकपाद-1। इसलिये विद्वानों के अनुसार अन्य भाषाओं से अधिक असमीया भाषा ही चर्यापदों के भाषा के ज्यादा करीब है। चर्यापदों के जो व्याकरणिक नियम है वह भी असमीया ब्रजावली भाषा में देखने को मिलते है। साथ ही चर्यापदों के शद्व कामरुपी शद्व के मेल देखे जा सकते है। जो आज भी प्रचलित है। जैसे:

| चर्या के शद्व | कामरुपी शद्व |
|---|---|
| अमिया | अमिया |
| आन | आन (अन्य) |
| काम | काम |
| घर | घर आदि |

"चर्यागीत कोष" ग्रन्थ महायानी वौद्ध धर्म के अन्तर्गत सहजयान धर्म के कुल पचास गीत तथा पदों का संकलन है। इन पदों को कुल तेइस शिद्धाचार्य ने लिखा है जो तिब्बत के महायानी वौद्ध सम्प्रदाय के चौरासी (84) सिद्धाचार्य के अन्तर्गत थे। इनमें से लुइपाद को सर्वश्रेष्ट माना गया है। निवार्ण लाभ के लिए इन लोगों ने धर्म-साधना के साथ-साथ गीत-पद, तत्त्व ग्रन्थ की रचनाए किया करते थे। उन रचनाओं में उस समय के समाज के तत्त्व को ग्रहण किया था। जिसके कारण उनके लेखनियों में धर्म, समाज, साहित्य, संस्कृति आदि का समन्वय हुआ था। जिस प्रकार महापुरुष शंकरदेव, माधवदेव ने धर्म प्रचार के उद्देश्य से वरगीतों की रचनाएं किये थे, उसी प्रकार सहजयान-पन्थी सिद्धचार्य ने भी अपने धर्म के प्रचार के अन्यतम साधन के रुप में चर्यागीतों की रचनाएं किये थे।



सहजयान धर्म के आधार भूमि थे प्राच्य भारत। सन छठे शताद्वी से लेकर वारहवी शताब्दी तक कामरुप के अधिपति भूमि वर्मन से लेकर धर्मपाल के समय तक कामरुप राष्ट्र को प्राच्य भारत कहा गया था। जो उस समय के उत्तरवंग, विहार के पुर्वाञ्चल, उस समय के पूर्ववंग, वर्तमान के उत्तर पुर्वाञ्चल समाया हुआ था।

किसी एक समाज का मतलब है वहाँ के रहनेवाले लोग तथा सम्प्रदाय उनके भाषा, धर्म, जीवन निर्वाह के तरीके, लोक रुचि तथा मानसिक दृष्टि भंगी आदि। चर्यापदो में इस प्रकार के किसी सम्प्रदाय विशेष के वर्णन मिलते है, जो ज्यादातर निम्नश्रेणी के जनगोष्ठी प्रतिनिधित्व करते थे। चर्यापद में वर्णित वाकी आम समाजों से अलग थे। वे लोग प्रधानतः कृषि से जुरे हुए थे। प्रधान आहार भात है, जो पयाप्त रुप से नहीं मिलते, कारण सुहे उसे खा जाते थे। चर्यापद में इसका उल्लेख है -

टालत मोर घर नाहि पड़वेषी।
हाडीत भात नांहि नाति आवेंशी।।

धान खेति के अलावा लोग घर वनाने के लिए वाँस का व्यवहार किया करते थे, कपड़े के लिए कपाँस के खेति करते थे, तरकारी के लिए और विशेष प्रकार के वाद्य यन्त्र के लिए लौकि के खेति करना आदि वर्णन चर्यापदों में मिलते है। इसके अलावा एक परिवार में ~~व्यवहृत~~ सामान तथा गाँव के सामाजिक परिवेश का वर्णन चर्याकारो ने पदों में उल्लेख किया है। आजकल कि तरह उस समय भी लोगों के घरों में चोरी-दकाइटि हुआ करते थे, जिसके कारण लोग घरों में ताला लगाकर रखते थे। चर्यापदों में इसका भी वर्णन किया है। जैसे:

साशु घरे घालि कोष्णा ताल।
चान्द सुज वेणि पखा फाल।।

अथात् सास को घर के भीतर रखकर वड़ा सा ताला दरवाजे पर लगा दिया है ताकी चन्द्र-सुर्य का प्रकाश भी अन्दर न जा पाये।

प्राच्य भारत तथा प्राचीन कामरुप पर्वत-पाहार तथा नद-नदियों से भरा हुआ था। इन सबका प्रभाव आज की तरह उस समय के सामाजिक जीवन पर भी पड़ा था। जंधलो में शिकार से पिड़ित हिरण के दुख-दर्द की कहानी, व्यापारी अपने व्यापार के लिए अलग अलग जगहो पर जाते समय किस प्रकार संयोग तथा सम्प्रीति स्थापन करते है उसका वर्णन चर्याकारों ने अपने गीतों में उल्लेख किया है। नदी पार करते हुए लोग किस प्रकार नाव के यात्रियों को व्यवहार करते थे उसका वर्णन भी चर्यापदों मिलते है। जैसे:

कबड़ी नलेझ वोड़ी नलेझू सुच्छे पार करेइ।
जो रथे चड़िला बाहना णाजइ कुले-कुले बुड़इ।।

इस प्रकार चर्यापदों में समाज में प्रचलित हर प्रकार के कर्मवृत्ति के बारे में उल्लेख किया है। साथ ही पुरुष से ज्यादा नारियों को इसमें संक्रिय रुप से भाग लेते हुए दिखाया गया है। गीतिकार, नृत्यगिनी, गायिका, नौका चालिका, कपड़े और सेराब विक्री करते हुए, वहु-वेती के रुप में, प्रेमिका तथा अभिसारिका नारी तथा साधना संगिनी के रुप में नारी को सक्रिय रुप में भाग लेते हुए दिखाया गया है। इन चर्यापदों में लोक समाज के अलावा प्रशासनिक व्यवस्था का आभास भी देखने को मिलते है।

इस प्रकार चर्यापद सहजयान धर्म के दार्शनिक तत्त्व-वाहक गीत होने के वावजुद इनके माध्यम से पूर्व भारतीय समाज के चित्र प्रतिफलित हुए है जो आठवी से वारहवी शताद्वी तक के समाज के वाह्यिक और आभ्यन्तरिण व्यवस्था थे। इसमें भुगोल, इतिहास, नृतत्त्व, समाज-तत्त्व, साहित्य और संस्कृति के जानकारी समाया हुआ है।

चर्यापदों के दर्शन महायानी वोद्ध धर्म के विभिन्न दार्शनिक सम्प्रदाय के मतों से प्रभावित थे। ये पद तत्त्व तथा रहस्यपूर्ण आध्यात्मिक उपमा से भरा हुआ है। जैसे:

मन-तरु पाञ्ज इन्दि तसु साहा।
आसा वहल पातहु वाहा।।
अथात्

मन एक तरु (पैर) है, पाँस इन्द्रिय उसके शाखा और हमारे वासना उस तरु के पट्टे और फल-फुल है। इस प्रकार सांसारिक जीवन-यात्रा में प्रयोजनीय व्यवहारिक नीति-नियम, नैतिक और आध्यात्मिक नीति-

उपदेश सभी चर्यापदों के मुलभाव है।

असमीया लोक-साहित्य के अन्तर्गत "देह-विचार के गीतो को चर्यापदों के साथ तुलना किया जा सकता है। कारण दोनों प्रकार के गीतों में विषय-वस्तु और भाववस्तु के में देखा गया है। असम के गाव-गाव में स्थान-विशेष में इस प्रकार के गीत गाये जाते है, जिसमें चार्यापद के भाव मिल जाते है। ईसके अलावा वरगीतों में प्रचलित राग-सुर चर्यागीतों में पहले ही ध्वनित हुए है। हो सकता है कि इसका कारण यह हो कि महापुरुष शंकरदेव-माधवदेव ने चर्यापदों के तत्व-कथा जानते हो और वाद में अपने गीतों में इसका उपयोग किया हो।

**बरगीतों में व्यवहृत चर्यापद के शद्बः**

1) अइसनः ऐसन समये मधुपुरी पिउ प्राण (शंकरदेव)

2) अंगः नाना रतन जड़ित अंग भूषण (माधवदेव)

3) अन्तरेः अन्तरे तोरि रखत हरि (शंकरदेव)

4) उपायेः शंकर कहतु उपयी (शंकरदेव) आदि

चर्यापदों ने अपने पदों को सुन्दर बनाने के लिये अलग अलग छन्द तथा अलंकारो का सहारा लिया है। प्राचीन असमीया साहित्य में व्यवहृत पयार, छवि, दुलड़ी, तोटय, भटिमा, घोषाछन्द, नामछन्द, शरणछन्द आदि चर्यापदों से ही प्रभावित थे। अलंकारो में से उपमा, वक्रोक्ति, उत्प्रेक्षा और रुपर प्रमुख है। इन अलंकारों के जरिये धर्मदर्शन युक्त चर्यापदों में प्रकृति के सुन्दर जगत को उजागर किया है। माना जाता है कि चर्याकारों ने अपने गम्भीर लगने वाले पदों को सहज बनाने के लिए ही इन अलंकारो का सहारा लिया था। कवि शवरपाद ने अलंकारों के प्रयोग से कवि मन के रमणीयता को सुन्दर रुप से प्रकाशित किया है।

इस प्रकार प्राचीन कामरुप के धर्म, भाषा, साहित्य, समाज और संस्कृति के आलोचना के प्रसंग में इन चर्यापदों का ऐतिहासिक महत्व है।

**कवि परिचयः**

"चर्यागीतकोष" महायानी वौद्ध धर्म के अन्तर्गत सहजयान धर्म के तत्त्व-वाहक पचाँस गीतों का संकलन है। कुल तैइस कवि द्वारा इन गीतों को रचा गया था जो तिव्वत के महायानी वौद्ध धर्म के चौरासी महासिद्ध में से थे। इन सिद्धाचार्य में लुइपाद को सर्वश्रेष्ठ माने जाते है। इन आचार्य ने निर्वाण लाभ के अलावा गीत-पद, तथा विविध तत्त्व ग्रन्थ आदि के रचनायें किये थे। इन चर्याँकारों के संक्षिप्त परिचय नीचे दिये गये है -

**1) लुइपादः**

लुइपाद को प्रथम चर्याकार माना जाता है। इसके कारण उसे आदि सिद्धाचार्य कहा जाता है। इन्ही के समय में व्रजयान शाखा विभक्त होकर सहजयान नामक शाखा सर्वधर्म समन्वय क्षेत्र का रुप लेकर विख्यात कामरुप के कामाख्यापीठ में प्रतिष्ठित हो गये थे। सहजीया धर्म के गोपनीयता के कारण उस समय चीन से आये यात्री "हियेनचांङ" ने कामरुप में वौद्ध धर्म के प्रभाव नहीं देख पाये। उस समय शैव और वैष्णव धर्म के प्रादुर्भाव को इस गोपनीयता का कारण माना जा सकता है।

ज्यादातर विद्वान लुइपाद को कामरुप के रहनेवाले मानते है। लोक उत्पत्ति के तरफ से देखा जाये तो ब्रह्मपुत्र नदी के प्राचीन नाम लुइत। लुइपाद का मतलब लोहित नदी प्रवाहित देश अथवा प्राचीन कामरुप। पाद माने आच-पाच के अंचल। इसलिये लोहित+पाद= लोहितपाद या लुइतपाद। संक्षेप में लुइपाद। महापण्डित राहुल सांकृत्यायन के अनुसार सरहपाद के शिष्य शवरपाद और शवरपाद के शिष्य लुइपाद थे। लुइपाद राजा धर्मपाल के सचिव थे। इसके विपरीत तिव्वत के गुरु परम्परा के अनुसार लुइपाद का प्रथम और सरहपाद और शवरपाद का स्थान सातवा है।

विद्या वुद्धि, चिन्ता-भावना, आदर्श और सामग्रिक प्रतिभा के कारण लुइपाद को सहजीया सिद्ध ने गुरु के रुप में मान्यता प्रदान किया था। वे एक कवि, गीतिकार और दार्शनिक शस्त्रकार थे। उनके संस्कृत भाषा के चार ग्रन्थ है -

i)वज्रसत्त्व साधन

ii) वुद्धोदय

iii) श्री भगवदभि समय

iv) अभि समय विभंग



इसके अलावा कामरुपी अपभ्रंश भाषा में लिखित दो ग्रन्थ है -

i) तत्त्व स्वभाव दोहाकोष गीतिका दृष्टि

ii) लुहिपाद गीतिका

**2) सरहपादः**

सरहपाद वौद्ध सिद्धों में प्रमुख सिद्ध है। इन्हे सरोरुहपाद, सरोजवज्र, राहुलवज्र आदि नामों से भी जाना जाता है। इनका जन्म पुर्वी भारत के राज्ञी नगर में ब्राह्मण कुल में हुआ था। इनके जीवन के विषय में बहुत निश्चित सूचनाओं का अभाव है। इनका समय आठवी सदी के आस-पास माने जाते है। ये प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान हरिभद्र के शिष्य थे और नालंदा में शिक्षा ग्रहण किया था। बाद में अध्यापन छोड़कर इन्होने साधना को शास्त्रीय आधार प्रदान कर उसका व्यापक प्रचार किया। इन्होंने बहुत से तान्त्रिक ग्रन्थ संस्कृत में लिखे। इसके अलावा चार दोहाकोष और चार चर्यापद लिखे। इनकी बहुत सी रचनाएँ तिब्वती तेंजुर में अनुदित रुप में उपलब्ध है। सरहपाद बहुत ही स्पष्टवादी, आडंबर-विरोधी, सहज जीवन के प्रचारक और प्रतिभाशाली कवि थे। इनके चर्यापदों में इनकी कवित्वशक्ति का अच्छा परिचय मिलता है साथ ही भाषा साफ-सुथरी पवाहयुक्त और अभिव्यक्ति में पूर्ण सक्षम है। बौद्ध सिद्धों के तांत्रिक रहस्य वाद के विविध तत्त्व इनकी अपभ्रंश रचनाओं में स्पष्ट है। इन्होंने सहजीया पथ, इनके विचारतत्त्व और निर्वान लाभ के उपयों का वहुल प्रचार किया था। उनके अनुसार ध्यान के साथ करुणा आवश्यक है। करुणा के विना ध्यान निरर्थक है।

राहुल सांकृन्यायन ने सरहपाद के द्वारा लिखित सात तन्त्र-शास्त्र के संस्कृत टीका-ग्रन्थ और अपभ्रंश भाषा में लिखित सोलह संग्रहीत पद्य का उल्लेख किया है। उदाहरणः

**सात संस्कृत टीका-ग्रन्थः**

i) वुद्ध कपाल तन्त्र पञ्जिका

ii) वुद्ध कपाल साधन

iii) वुद्ध कपाल मण्ड विधि

iv) त्रौतोक्य वशंकर लोकेश्वर साधन - भाग-1

v) त्रौतोक्य वशंकर लोकेश्वर साधन - भाग-2

vi) त्रौतोक्य वशंकरा लोके तेश्वर साधन

vii) त्रौतोक्य शंकर लोकेश्वर साधन

**संग्रहीत पद्यः**

i) दोहाकोश गीति

ii) दोहाकोश नाम चर्यागीति

iii) दोहाकोशपदेश गीति

iv) क. ख. दोहानाम

v) क.ख. दोहाटिप्पण

vi) कायकोशमृत वज्रगीति

vii) वाक्कोशरुचिर स्वर वज्रगीति

viii) चित्त कोशाजव व्र गीति

ix) कायबाक चित्त मनसिकार

x) दोहाकोश महामुद्रीपदेश

xi) द्वादशोपदेश

xii) स्वभिष्ठान क्रम

xiii) तत्त्वो पदेशशिखर दोहा गीतिका

xiv) भावना दृष्टि चर्या फल दोहागीति

xv) वसन्ततिल कदोहाकोश गीतिका

xvi) महामुद्रीपदेश वज्र गुहय गीति

**3 ) कण्हपाः**

वे बौद्ध सिद्धों की परम्परा में तथा सरहपाद की शिष्य परम्परा में महत्वपूर्ण सिद्ध थे। इनके नाम के काण्हपाद, कृष्णाचार्यपाद, कृष्णपाद, कृष्णवज्रपाद आदि अनेक सुपान्तर मिलते है। सरहपाद की तरह ये भी आचार्य सिद्ध और कवि थे। इनके जीवन के सबंध में निश्चित सूचनाए नहीं मिलती और जो प्राप्त है उसके अनुसार ये जन्म से ब्रह्मण थे। सोमपूरी विहार में अपने पाण्डित्य के कारण इनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। साधना की दृष्टि से श्रेष्ठता पांडित्य और प्रसिद्धि के कारण बौद्ध सिद्धों और नाथ सिद्धों दोनों में इनका आदर था। इन्होंने अनेक तांन्त्रिक ग्रन्थों को संस्कृत में रचना किया था। साथ अनेक तांत्रिक ग्रंथों पर संस्कृत में विद्वतापूर्ण टीकाए भी लिखी थी। वौद्ध सिद्ध में कवित्वशक्ति और प्रतिभा की दृष्टि से ये श्रेष्ठतम कवि है। इनकी अपभ्रंश रचनाओं में (32) बत्तीस दोहो का एक दोहाकोष और 12 चर्यापद प्रकाशित है। इसमें एक चर्यापद तिब्वती से संस्कृत में अनुदित रुप में प्रकाशित है। इनके चर्यापद बौद्ध शिद्ध में सबसे अधिक है और काव्यत्व की दृष्टि से श्रेष्ठतम है। ये कठोर आंउबर विरोधी सहज जीवन के प्रचारक थे। उनके गीतों में समाज के विविध चित्र, रीति-नीति, जाति-सम्प्रदाय, जीव-जन्तु, पारिवारिक सम्बन्ध, वाद्य-यन्त्र आदि का जो वर्णन मिलते है उससे प्राचीन असम के समाज जीवन से मेल देखने को मिलते है।

**4 ) कुवकरीपादः**

लामा तारनाथ ने "साधनमाला" में कहा है कि इन्होंने अपने साथ एक कुत्ते को रखा था जिसके वजे से उनका ये नाम पड़ा। पर ऐसा नहीं है कारण ये इनका पितृदत्त नाम थे। नाथ पन्थ के चौतीस (34) था।

कुवकरीपाद एक विद्वान थे। उन्होंने 'महामायासाधन' नाम से एक संस्कृत ग्रन्थ लिखा था। इनके द्वारा लिखित दो चर्यागीत मुनीदत्त के संकलन में संकलित है। उनके द्वारा रचित चर्यागीतों के भाषा तथा रचनारीति को देखने हुए पश्चिम कामरुप के रहने वाला माना जा सकता है। साथ ही उनके रचनाओं में उस समय के वौद्ध तान्त्रिक साधना के केन्द्रस्थल हाजो-कामाख्या के साथ सम्बन्ध देखा जा सकता है। उनके रचनाओं में प्राचीन असमीया साहित्य के भाषा का व्यवहार देखा जाता है। जैसे: दुहि, धरण, चौरि, वहुडी, रीति, अइसन, वापुड़ा आदि।

**5 ) भुसुकंपादः**

चौरासी सिद्ध में से भूसुकपाद और शान्तिदेव एक ही व्यक्ति के रुप में उल्लेख है। इनके विपरीत राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार शान्तिदेव भुसुकपाद के समकालीन थे। उनके समयसीमा नवी शताब्दी माने जाते है। उनके द्वारा रचित चर्या के अनुसार प· हरप्रसाद शास्त्री ने उन्हें वंगाल के मानते है।

भुसुकपाद ने लिखा है:

"आजि भूसुक वंगाली भइली"

**6 ) महीधरपादः**

भाषा के विशिष्टता को देखते हुए इसे ग्यारहवी शताब्दी के असमीया सिद्धाचार्य माने जा सकते है। कवि के रुप में इनके कल्पना शक्ति मनोरम और वास्तव अभिज्ञता व्यापक थे। वे सहजीया दर्शन में अभिज्ञ और अलंकारो में भी पारदर्शी थे। इसलिये नाथ-गुरु परम्परा में इनको सैंतीसवा (37) स्थान दिया गया है। "वायुतत्त्व-गीतिका" उनके द्वारा लिखित ग्रन्थ है। इसके अलावा "चर्यागीतकोश" के सोलाह न· पद इन्होंने लिखा है। इसमें 63 शद्ब है। उसमें से 16 संस्कृत, सत्ताइस कामरुपी अपभ्रंश, चौदह प्राचीन असमीया शद्ब और छः वर्तमान प्रचलित शद्ब है।

**7 ) ढेण्ढणापादः**

भाषा के सामग्रिक रुप शद्ब तथा ढंकण के विशिष्टता तथा प्रयोगिक-नीति को देखते हुए ढेण्ढणपाद को वारहवी-सैताब्दी के अन्तिम समय के कवि-तथा शिद्धाचार्य माने जाते है। ढेण्ढणपाद उनके अचली नाम नहीं है। सहजयान धर्म में दीक्षा लेते समय उनको यह नाम दिया गया था। उनके चर्यापद के भाव सहज तथा सरल थे साथ ही उनके भाषा को देखते हुए उन्हें प्राचीन असम से जुरे हुए माने जा सकते है।

**8 ) डोम्वीपादः**

डोम्वीपाद को लुइपाद के शिष्य माने जाते है। उनके जीवन काल आठवी शताब्दी के अन्तिम भाग तथा एक ही चर्यागीत प्राप्त हुए है। इनके द्वारा लिखित डोम्वी गीतिका नाम से एक ही ग्रन्थ प्राप्त है। भाषा तथा रचनानीति को देखते हुए डीम्वीपाद लुइपाद के समकालीन माना जा सकता है।



**सहायक ग्रन्थ सुची:**


| | | |
|---|---|---|
| 1) चर्यागीत कोश | – | भायाश्री गोस्वामी |
| 2) असमीया साहित्यर रुपरेखा | – | महेश्वर नेओग |
| 3) चर्यापद आरु वरगीत | – | मंञ्जु चक्रवर्ती<br>करवी डेका हाजरिका |
| 4) चर्यापद | – | ड° परीक्षित हाजरिका |
| 5) असमीया साहित्य समीक्षात्मक इतिवृत्त | – | सन्येन्द्र नाथ शर्मा • |

ISBN : 978-93-5396-633-1
978-93-5396-633-1